**Series #CDBA/S**

**SET-3**

प्रश्न-पत्र कोड **3/S/3**

रोल नं. | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** । **खण्ड अ** में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।*

*(iii) **खण्ड अ** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(iv) **खण्ड ब** में कुल **7** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए ।*

## खण्ड अ

### (बहुविकल्पी /वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

मेघालय पूर्वोत्तर भारत का एक राज्य है जिसका अर्थ है बादलों का घर। इसे पूर्व का स्कॉटलैण्ड भी कहा जाता है। यहाँ विस्तृत मैदान, नदी, पहाड़ियाँ और घाटियाँ हैं। पहाड़ की तलहटी पर समतल भूमि की संकरी पट्टी बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगी है तथा दक्षिण में असम राज्य के अंतर्राज्य सीमा साझा करता है।

तीन पर्वतीय अंचलों में बँटा हुआ है मेघालय – खासी पर्वत, गारो पर्वत और जयंतिया पर्वत और इन्हीं तीन पर्वतीय अंचलों से बने हैं पाँच जिले – पूर्वी खासी पर्वत जिला, पश्चिमी खासी पर्वत जिला, पूर्वी गारो पर्वत जिला, पश्चिमी गारो पर्वत जिला और जयंतिया पर्वत जिला। हर अंचल की अपनी अलग-अलग संस्कृति है, रीति-रिवाज, पर्व-उत्सव हैं लेकिन हर कहीं पारिवारिक व्यवस्था मातृसत्तात्मक है – भूमि, धन, संपत्ति सब माँ से बेटी को मिलती है।

''मातृसत्तात्मक व्यवस्था होने के कारण यहाँ नारी शोषण की घटनाएँ नहीं होतीं। स्त्री का यहाँ वर्चस्व है, यह अहसास गुवाहाटी से मेघालय की सीमा में घुसने के साथ ही होने लगता है। तमाम दुकानों पर स्त्रियाँ सौदा बेचती हैं और बेहिचक बतियाती दिखाई देती हैं। शायद कमोबेश यह स्थिति पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में भी है, भले वहाँ मातृसत्तात्मक परिवार व्यवस्था न हो। मणिपुर की राजधानी इम्फाल में भी यही स्थिति है। स्त्रियों का एक पूरा का पूरा बाज़ार ही है वहाँ, जिसे 'माइती बाज़ार' कहते हैं – यानी माँ का बाज़ार। दिन-दोपहर हुई नहीं कि सिर पर सब्ज़ी, कपड़ों या अन्य सामान के टोकरे रखे स्त्रियाँ इस बाज़ार में आ पहुँचती हैं। दिन-भर सामान की बिक्री कर शाम को अपने-अपने घर लौट पड़ती हैं। किसी प्रकार का वर्ग-भेद नहीं है। यानी अमीर घरों की स्त्रियाँ भी इस 'माइती बाज़ार' में मिल जाएँगी और ग़रीब घरों की स्त्रियाँ भी। और यह बाज़ार केवल इम्फाल में ही नहीं है, मणिपुर के हर नगर, कस्बे, गाँव में है – वहाँ की संस्कृति का एक अटूट सिलसिला।

(i) मेघालय प्रदेश की सीमाएँ साझा होती हैं :

(A) अंतर्राज्य सीमा से

(B) अंतर्राष्ट्रीय सीमा से

(C) (A) और (B) दोनों ही सीमाओं से

(D) (A) और (B) दोनों में से किसी से नहीं

(ii) मेघालय को उत्तरी भारत का स्कॉटलैण्ड कहा जाता है :

(A) यहाँ के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य के कारण

(B) यहाँ की सांस्कृतिक संपन्नता के कारण

(C) यहाँ की मातृसत्तात्मक व्यवस्था के कारण

(D) चारों ओर पर्वतीय क्षेत्रों से घिरा होने के कारण

(iii) मातृसत्तात्मक पारिवारिक व्यवस्था में :

(A) परिवार का मुखिया पुरुष होता है, संपत्ति बेटी को मिलती है।

(B) परिवार की मुखिया महिला होती है, संपत्ति बेटे को मिलती है।

(C) परिवार की मुखिया महिला होती है, संपत्ति बेटी को मिलती है।

(D) परिवार का मुखिया पुरुष होता है, संपत्ति बेटे को मिलती है।

(iv) 'माइती बाज़ार' के विषय में क्या असत्य है ?

(A) यहाँ वर्ग-भेद नहीं है।

(B) यह हर क्षेत्र में लगता है।

(C) यहाँ खरीद-फरोख्त का काम स्त्रियाँ करती हैं।

(D) यहाँ केवल महिलाओं को प्रवेश मिलता है।

(v) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

*कथन* : मेघालय में नारी का सम्मान होता है न कि शोषण।

*कारण* : स्त्रियाँ आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हैं।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही पुष्टि करता है।

(B) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(C) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(D) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही पुष्टि नहीं करता है।

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

हँसते-खिलखिलाते रंग-बिरंगे फूल।
क्यारी में देखकर जी तृप्त हो गया॥
नथुनों से प्राणों तक खिंच गई
गंध की लकीर-सी।
आँखों में हो गई रंगों की बरसात।
अनायास कह उठा वाह !
धन्य है वसंत ऋतु !
लौटने को पैर ज्यों बढ़ाए तो
क्यारी के कोने में दुबका
एक नन्हा फूल अचानक बोल पड़ा – सुनो !
एक छोटा-सा सत्य तुम्हें सौंपता हूँ
धन्य है वसंत ऋतु, ठीक है,
पर उसकी धन्यता, उसकी कमाई नहीं,
वह हमने रची है,
हमने यानी मैंने
मुझ
जैसे मेरे अनगिनत साथियों ने—
जिन्होंने इस क्यारी में अपने-अपने ठाँव पर
धूप और बरसात, जाड़ा और पाला झेल
सूरज को तपा है पूरी आयु एक पाँव पर।
तुमने ऋतु को बखाना,
पर क्या कभी पलभर भी
तुम उस लौ को भी देख सके जिसके बल पर
मैंने और इसने और उसने यानी मेरे एक-एक
साथी ने
मिट्टी का अँधेरा फोड़
सूरज से आँखें मिलाई हैं
उसे यदि जानते हो तुमसे भी
रंग जाती एक ऋतु

(i) वसंत ऋतु की धन्यता किसकी मेहनत का परिणाम है ?

(A) खिलखिलाती धूप की

(B) सुंदर क्यारी की

(C) हरे भरे पेड़ों की

(D) रंग-बिरंगे फूलों की

(ii) 'मिट्टी का अँधेरा फोड़, सूरज से आँखें मिलाई हैं' – काव्य-पंक्ति का भावार्थ है :

(A) कठिनाइयों का साहसपूर्वक सामना किया है।

(B) प्रकृति की मार को डटकर झेला है।

(C) धरती के गर्भ में अपने-आपको रखा है।

(D) धरती की नमी और सूरज की गरमी को झेला है।

(iii) 'उसे यदि जानते तो तुमसे भी, रंग जाती एक ऋतु'– पंक्तियों में क्या जानने की बात की जा रही है ?

(A) जीवन का सौंदर्य परिश्रम में ही है।

(B) वसंत ऋतु का सौंदर्य फूलों में है।

(C) फूलों की विकास प्रक्रिया कठिन है।

(D) संसार सभी के सहयोग से चलता है।

(iv) प्रस्तुत काव्यांश में 'वाह' का प्रयोग किसके लिए हुआ है ?

(A) फूल के लिए

(B) खिलखिलाती धूप के लिए

(C) सुंदर क्यारी के लिए

(D) वसंत ऋतु के लिए

(v) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

*कथन* : रंग-बिरंगे फूल देखकर कवि को 'रंगों की बरसात' का अनुभव होता है।

*कारण* : फूलों की सुंदरता और सुगंध कवि को मोह लेती है।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, लेकिन कारण ग़लत है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही पुष्टि करता है।

(D) कथन ग़लत है, लेकिन कारण, कथन की सही पुष्टि करता है।

**3.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित कथनों में से 'उत्प्रेक्षा अलंकार' का/के उदाहरण है/हैं :

**कथन :**

I. राम कृपा बल पाए कपिंदा, भए पच्छजुत मनहुं गिरिंदा

II. कहीं साँस लेते हो, घर-घर भर देते हो

III. हैं कई पत्थर किनारे पी रहे चुपचाप पानी

IV. पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण

**विकल्प :**

(A) कथन I व III सही हैं।

(B) कथन II व IV सही हैं।

(C) केवल कथन I सही है।

(D) कथन I, II, III, व IV सही हैं।

(ii) "बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की।" – प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में अलंकार है :

(A) श्लेष अलंकार

(B) मानवीकरण अलंकार

(C) अतिशयोक्ति अलंकार

(D) उत्प्रेक्षा अलंकार

(iii) "प्रियतम बता दो लाल मेरा कहाँ है ?" – प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में अलंकार है :

(A) उत्प्रेक्षा अलंकार

(B) श्लेष अलंकार

(C) मानवीकरण अलंकार

(D) अतिशयोक्ति अलंकार

(iv) "बाण नहीं पहुँचे शरीर तक
शत्रु गिरे पहले ही भू पर ।" – प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में अलंकार है :

(A) अतिशयोक्ति अलंकार

(B) श्लेष अलंकार

(C) उत्प्रेक्षा अलंकार

(D) मानवीकरण अलंकार

(v) "मंगन को देख पट देत बार-बार है ।" – प्रस्तुत पंक्ति में अलंकार है :

(A) उत्प्रेक्षा अलंकार

(B) मानवीकरण अलंकार

(C) अतिशयोक्ति अलंकार

(D) श्लेष अलंकार

**4.** निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) ''जिस भाषा में शकुंतला ने श्लोक रचा था, वह संस्कृत भाषा थी ।'' – रेखांकित पद का परिचय होगा :

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(B) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(C) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन कर्ता कारक

(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन कर्ता कारक

(ii) "आजकल भी ऐसे लोग विद्यमान हैं जो रूढ़िवादी विचारों में विश्वास रखते हैं।" – रेखांकित पद का परिचय होगा :

(A) कालवाचक क्रिया-विशेषण, 'विद्यमान है' क्रिया का विशेषण

(B) निपात अव्यय, 'आजकल' पर बल दे रहा है

(C) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण, 'विद्यमान है' क्रिया का परिमाण

(D) निपात अव्यय, 'ऐसे' पर बल दे रहा है

(iii) "मैं बहन-भाइयों में सबसे छोटी थी।" – रेखांकित पद का परिचय होगा :

(A) अनिश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक

(B) उत्तमपुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(C) निश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक

(D) निश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, संबंध कारक

(iv) "सीता का यह संदेश कटु नहीं तो क्या मीठा है ?" – रेखांकित पद का परिचय होगा :

(A) निश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(B) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, विशेष्य-संदेश

(C) गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, विशेष्य-संदेश

(D) निश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक

(v) "वे संस्कृत नहीं बोल सकती थीं।" – रेखांकित पद का परिचय होगा :

(A) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, आदरार्थ बहुवचन, भूतकाल, कर्तृवाच्य

(B) अकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, बहुवचन, भूतकाल, कर्तृवाच्य

(C) सकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल, कर्मवाच्य

(D) अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल, कर्मवाच्य

**5.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "प्रभाकर ने निबंध लिखा।" – प्रस्तुत वाक्य में वाच्य भेद है :

(A) कर्तृवाच्य

(B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य

(D) इनमें से कोई नहीं

(ii) "चुने हुए लोगों द्वारा ही संस्कृत बोली जा सकती थी।" – प्रस्तुत वाक्य में वाच्य भेद है :

(A) भाववाच्य

(B) कर्मवाच्य

(C) कर्तृवाच्य

(D) इनमें से कोई नहीं

(iii) "पक्षी द्वारा उड़ा जाता है।" – प्रस्तुत वाक्य में वाच्य भेद है :

(A) कर्मवाच्य

(B) कर्तृवाच्य

(C) भाववाच्य

(D) इनमें से कोई नहीं

(iv) निम्नलिखित में से कर्मवाच्य का उदाहरण ***नहीं*** है :

(A) प्राकृत भाषा का ग्रंथ हाल द्वारा रचित माना जाता है।

(B) भरतमुनि द्वारा नाट्यशास्त्र की रचना 300 ईसा पूर्व की गई।

(C) गौतम बुद्ध द्वारा अपने सारे उपदेश भिक्षु-भिक्षुणियों को मौखिक दिए गए थे।

(D) एक सुंदर युवती अधिवेशन को संबोधित करने के लिए उठी।

(v) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | इस साहसी युवती को अभी और बहुत कुछ कहना था। | (I) | कर्तृवाच्य |
| 2. | भरतमुनि द्वारा नाट्यशास्त्र में मुख्यत: रूपक का शास्त्रीय विवेचन किया गया है। | (II) | कर्मवाच्य |
| 3. | रमाबाई द्वारा पलटकर पूछा गया। | (III) | भाववाच्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(III), 2-(I), 3-(II)

(B) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(C) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(D) 1-(I), 2-(III), 3-(II)

**6.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का उदाहरण ***नहीं*** है :

(A) इससे प्रमाणित है कि इस देश में स्त्रियों को पढ़ाने की चाल थी।

(B) इस निबंध की भाषा और वर्तनी को हमने संशोधित करने का प्रयास नहीं किया है।

(C) जिस समय आचार्यों ने नाट्यशास्त्र संबंधी नियम बनाए थे उस समय सर्वसाधारण की भाषा संस्कृत न थी।

(D) दूसरों पर घोर से घोर अत्याचार करके जो उससे ऐसी आशा रखते हैं वे मनुष्य स्वभाव का किंचित भी ज्ञान नहीं रखते।

(ii) "मैं जब भी बड़ी हो जाऊँगी तो ऐसे कानूनों के विरुद्ध संघर्ष करूँगी।" – रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद है :

(A) मिश्र वाक्य

(B) सरल वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) साधारण वाक्य

(iii) निम्नलिखित वाक्य का संयुक्त वाक्य में परिवर्तित रूप होगा :
"पीछे बैठे हुए लोग उस युवती की आवाज़ नहीं सुन पा रहे थे।"

(A) क्योंकि लोग पीछे बैठे हुए थे इसलिए उस युवती की आवाज़ नहीं सुन पा रहे थे।

(B) जो लोग पीछे बैठे हुए थे वे उस युवती की आवाज़ नहीं सुन पा रहे थे।

(C) लोग पीछे बैठे हुए थे इसलिए उस युवती की आवाज़ नहीं सुन पा रहे थे।

(D) लोग पीछे बैठे होने के कारण उस युवती की आवाज़ को नहीं सुन पा रहे थे।

(iv) "मेरे और भाईसाहब के बीच पाँच साल का अंतर था।"– रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद है :

(A) मिश्र वाक्य

(B) सरल वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) विधान वाक्य

(v) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | आज हमारे समाज में लड़कियाँ शिक्षा पाने एवं कार्यक्षेत्र में क्षमता दर्शाने में लड़कों से कतई पीछे नहीं हैं किंतु यहाँ तक पहुँचने के लिए अनेक स्त्री-पुरुषों ने लंबा संघर्ष किया। | (I) | सरल वाक्य |
| 2. | द्विवेदी जी का यह लेख उन सभी पुरातनपंथी विचारों से लोहा लेता है जो स्त्री शिक्षा को व्यर्थ अथवा समाज के विघटन का कारण मानते हैं। | (II) | संयुक्त वाक्य |
| 3. | विद्वत्ता और बहुज्ञता के साथ सरसता द्विवेदी जी के लेखन की प्रमुख विशेषता है। | (III) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(B) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(C) 1-(III), 2-(II), 3-(I)

(D) 1-(II), 2-(I), 3-(III)

**7.** पठित कविताओं के आधार पर बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए : *2×1=2*

(i) 'उत तैं धार बही' प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में कौन-सी धारा बहने की बात हो रही है ?

(A) नवधा भक्ति की

(B) कृष्ण भक्ति की

(C) योग संदेश की

(D) रामभक्ति की

(ii) संगतकार कविता में वह सुंदर कमज़ोर काँपती हुई आवाज़ किसकी हो सकती है ?

(A) मुख्य गायक के गुरु की

(B) मुख्य गायक के छोटे भाई की

(C) मुख्य गायक के शिष्य की

(D) (B) और (C) दोनों

**8.** पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

मधुप गुन-गुनाकर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास,
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास
तब भी कहते हो – कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे – यह गागर रीती।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले –
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।
यह विडंबना ! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।
भूलें अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं।
उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की।
अरे खिल-खिला कर हँसते होने वाली उन बातों की।

(i) 'पत्तियों का मुरझाकर गिरना' किसका प्रतीक है ?

(A) जीवन की नश्वरता का

(B) उपहास और परिहास का

(C) जीवन की बाधाओं का

(D) जीवन की अनंतता का

(ii) 'तुम सुनकर सुख पाओगे' काव्य-पंक्ति में 'तुम' किसके लिए प्रयोग हुआ है ?

(A) कवि के लिए

(B) मित्रों के लिए

(C) प्रेयसी के लिए

(D) किसी के लिए नहीं

(iii) 'रीति गागर' से क्या अभिप्राय है ?

(A) विशिष्ट उपलब्धि का न होना

(B) धन-संपत्ति का अभाव होना

(C) जीवन में कोई अपना न होना

(D) जीवन में कोई भाव न होना

(iv) कवि अपने जीवन की उज्ज्वल गाथा किसी के साथ क्यों नहीं बाँटना चाहता ?

(A) उपहास का पात्र नहीं बनना चाहता।

(B) वह कवि की निजी संपत्ति है।

(C) कवि अत्यंत संकोची स्वभाव का है।

(D) कवि भावुक प्रवृत्ति का है।

(v) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

*कथन* : कवि अपने जीवन की कमज़ोरी समाज के सामने नहीं लाना चाहते।

*कारण* : लोगों के बीच कटाक्षपूर्ण मज़ाक बनने का भय है।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, लेकिन कारण ग़लत है।

(B) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(C) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(D) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

**9.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) हालदार साहब के भावुक होने का क्या कारण था ?

(A) मूर्ति पर बड़े काँच वाला गोगो चश्मा

(B) मूर्ति पर गोल चश्मा

(C) मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा

(D) कैप्टन की मृत्यु हो जाना

(ii) मन्नू भंडारी के परिवार में विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता क्या थी ?

(A) अठारह वर्ष और बारहवीं पास

(B) सोलह वर्ष और दसवीं पास

(C) अठारह वर्ष और दसवीं पास

(D) सोलह वर्ष और आठवीं पास

**10.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

ऊपर की तसवीर से यह नहीं माना जाए कि बालगोबिन भगत साधु थे। नहीं, बिलकुल गृहस्थ ! उनकी गृहिणी की तो मुझे याद नहीं, उनके बेटे और पतोहू को तो मैंने देखा था। थोड़ी खेतीबारी भी थी, एक अच्छा साफ़-सुथरा मकान भी था।

किंतु, खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे – साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो-टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज़ नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता ! – कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते ! वह गृहस्थ थे; लेकिन उनकी सब चीज़ 'साहब' की थी। जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते – जो उनके घर से चार कोस दूर था – एक कबीरपंथी मठ से मतलब ! वह दरबार में 'भेंट' रूप रख लिया जाकर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुज़र चलाते !

(i) लेखक बालगोबिन भगत के परिवार के सदस्यों में से किससे परिचित ***नहीं*** थे ?

(A) बेटे से

(B) पुत्रवधू से

(C) पत्नी से

(D) किसी से नहीं

(ii) बालगोबिन भगत के कौन-से कार्य लोगों के लिए अचरज का कारण बने ? सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. खामखाह झगड़ा मोल लेना

II. किसी की चीज़ को बिना पूछे इस्तेमाल करना

III. स्पष्टवादी होना और नियमों का बारीकी से पालन करना

IV. किसी के खेत में शौच के लिए जाना

**विकल्प :**

(A) I और II

(B) III और IV

(C) केवल III

(D) II और III

(iii) बालगोबिन भगत किनके आदेशों का अनुपालन करते थे ?

(A) कबीर के

(B) दरबार के

(C) दोनों के

(D) लेखक के

(iv) बालगोबिन भगत को साधु कहा गया है :

(A) कबीर को साहब मानने के कारण

(B) कबीर के गीत गाने के कारण

(C) अपनी फ़सल मठ में अर्पित करने के कारण

(D) गृहस्थ होते हुए निर्लिप्त जीवन व्यतीत करने के कारण

(v) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

*कथन* : बालगोबिन भगत कबीर के गीत गाते और उनके आदेशों का अनुपालन करते थे।

*कारण* : बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते थे।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही पुष्टि नहीं करता।

(B) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(C) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(D) कथन सही है और कारण, कथन की सही पुष्टि करता है।

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** पूरक पाठ्य-पुस्तक 'कृतिका भाग-2' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'माता का अँचल' पाठ में आपने भोलानाथ के पिता की दिनचर्या पढ़ी । उनकी दिनचर्या आपके पिताजी की दिनचर्या से किस प्रकार मिलती है ?

(ख) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए कि रंगीन और सफ़ेद बौद्ध पताकाएँ किसका प्रतीक हैं और इनके बारे में क्या मान्यता प्रचलित है ?

(ग) लेखक ने 'लिखने' को लेकर कौन-कौन से कारण प्रस्तुत किए ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

**12.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'नेता जी का चशमा' पाठ में पान वाले के मुख से 'कैप्टन' नाम सुनकर हालदार साहब के मन मस्तिष्क में चशमे वाले के बारे में क्या धारणा बनी थी ? वह बाद में कैसे बदल गई ?

(ख) 'लखनवी अंदाज़' पाठ में लेखक ने नवाब साहब की असुविधा और संकोच के कारण का अनुमान कैसे लगाया ?

(ग) 'सभ्यता-संस्कृति' और 'असभ्यता-असंस्कृति' के बीच का अंतर 'संस्कृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(घ) किस मुस्लिम पर्व का नाम बिस्मिल्ला खाँ और शहनाई के साथ जुड़ा है ? उस पर्व का परिचय दीजिए ।

**13.** निर्धारित कविताओं पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) परशुराम जी ने लक्ष्मण के सामने अपनी किन-किन विशेषताओं का बखान किया ?

(ख) आसमान में उड़ने के लिए कवि को पंख कब और क्यों लग जाते हैं ? 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ग) मिट्टी की गुणवत्ता (उपजाऊ शक्ति) को हम कैसे कायम रख सकते हैं ? 'फ़सल' कविता के संदर्भ में लिखिए।

(घ) मुसकान से मानव मन और वातावरण में क्या परिवर्तन देखने को मिलता है ? 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

**14.** (क) 'नोवा' वाशिंग मशीन के प्रचार के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) 'होली' को रंगों का पर्व माना जाता है। इस पर्व पर अपने मित्र को लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए। *4*

**15.** (क) आप लक्षित/लक्षिता हैं। आपके छोटे भाई ने बोर्ड की परीक्षा में अव्वल स्थान हासिल किया है। वह पिता जी से पुरस्कार स्वरूप एक मोटरसाइकिल की माँग कर रहा है। लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर उसे समझाइए कि वयस्क होने से पहले वाहन चलाना गलत है। *5*

**अथवा**

(ख) आप कमल/कमला हैं। आपके क्षेत्र में हर रोज बढ़ती भीड़ के कारण वाहन चालकों को अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपने प्रांत के मुख्यमंत्री को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। *5*

**16.** (क) जिले में भारी बारिश के कारण जिलाधिकारी के निर्देशानुसार दो दिन के लिए स्कूल बंद रहने की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य की ओर से एक ई-मेल लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) आपका नाम अर्पित/अर्पिता है। सौंदर्य प्रसाधन बनाने वाली कंपनी 'सौंदर्या' को अपने उत्पाद के प्रचार-प्रसार हेतु कुछ नवयुवक-युवतियों की आवश्यकता है। अपनी शैक्षणिक योग्यता और अनुभव का वर्णन करते हुए प्रबंधक महोदय को भेजने हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना स्ववृत्त तैयार कीजिए। *5*

**17.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *6*

(क) परहित सरिस धर्म नहिं भाई

संकेत-बिंदु

- लोकोक्ति का अर्थ
- परोपकार के अलग-अलग तरीके
- जीवन में खुशी का भंडार

(ख) नैतिक मूल्यों का पतन

संकेत-बिंदु

- नैतिकता से तात्पर्य
- पतन के कारण
- अनैतिकता से हानि
- उपाय

(ग) सच्चे मित्र की कसौटी

संकेत-बिंदु

- सच्चा मित्र कौन
- सच्चे मित्र के लाभ
- अच्छे-बुरे की पहचान

अंकन योजना
अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)
सेकेंडरी स्कूल सप्लीमेंट्री परीक्षा **2024**
कक्षा- **10** वीं हिंदी **(A)**, कोड- **002**
प्रश्न पत्र कोड **3/S/3**

सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो बाईं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना

- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✔ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंक-योजना जुलाई, 2024 (सप्लीमेंट्री परीक्षा)
प्रश्न पत्र कोड: 3/S/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा : दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | **खंड - 'अ'**<br>**(बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)** | |
| 1 | 1 | प्रश्न - निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>मेघालय पूर्वोत्तर.......वहाँ की संस्कृति का एक अटूट सिलसिला। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न - मेघालय प्रदेश की सीमाएँ साझा होती हैं :<br>उत्तर - (C) (A) और (B) दोनों ही सीमाओं से | 1 |
| | (ii) | प्रश्न - मेघालय को उत्तरी भारत का स्कॉटलैण्ड कहा जाता है :<br>उत्तर - (A) यहाँ के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य के कारण | 1 |
| | (iii) | प्रश्न - मातृसत्तात्मक पारिवारिक व्यवस्था में :<br>उत्तर - (C) परिवार की मुखिया महिला होती है, संपत्ति बेटी को मिलती है। | 1 |
| | (iv) | प्रश्न - 'माइती बाज़ार' के विषय में क्या असत्य है?<br>उत्तर - (D) यहाँ केवल महिलाओं को प्रवेश मिलता है। | 1 |
| | (v) | कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन : मेघालय में नारी का सम्मान होता है न कि शोषण। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | कारण : स्त्रियाँ आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हैं।<br>उत्तर - (D) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही पुष्टि नहीं करता है। | 1 |
| 2 | 2 | प्रश्न - निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>हँसते-खिलखिलाते ... रंग जाती एक ऋतु | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न - वसंत ऋतु की धन्यता किसकी मेहनत का परिणाम है?<br>उत्तर - (D) रंग-बिरंगे फूलों की | 1 |
| | (ii) | प्रश्न - 'मिट्टी का अँधेरा फोड़, सूरज से आँखें मिलाई हैं' - काव्य-पंक्ति का भावार्थ है :<br>उत्तर - (A) कठिनाइयों का साहसपूर्वक सामना किया है। | 1 |
| | (iii) | प्रश्न - 'उसे यदि जानते तो तुमसे भी, रंग जाती एक ऋतु'- पंक्तियों में क्या जानने की बात की जा रही है?<br>उत्तर - (A) जीवन का सौंदर्य परिश्रम में ही है। | 1 |
| | (iv) | प्रश्न -प्रस्तुत काव्यांश में 'वाह' का प्रयोग किसके लिए हुआ है?<br>उत्तर - (D) वसंत ऋतु के लिए | 1 |
| | (v) | प्रश्न - कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन: रंग-बिरंगे फूल देखकर कवि को 'रंगों की बरसात' का अनुभव होता है।<br>कारण : फूलों की सुंदरता और सुगंध कवि को मोह लेती है।<br>उत्तर - (C) कथन सही है और कारण, कथन की सही पुष्टि करता है। | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | 3 | प्रश्न - निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न - निम्नलिखित कथनों में से "उत्प्रेक्षा अलंकार" का/के उदाहरण है/हैं :<br>उत्तर - (C) केवल कथन 1 सही है। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न - "बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की।" - प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में अलंकार है :<br>उत्तर - (B) मानवीकरण अलंकार | 1 |
| | (iii) | प्रश्न - "प्रियतम बता दो लाल मेरा कहाँ है?" - प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में अलंकार है -<br>उत्तर - (B) श्लेष अलंकार | 1 |
| | (iv) | प्रश्न - "बाण नहीं पहुँचे शरीर तक<br>शत्रु गिरे पहले ही भू पर।" - प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में अलंकार है :<br>उत्तर - (A) अतिशयोक्ति अलंकार | 1 |
| | (v) | प्रश्न -"मंगन को देख पट देत बार-बार है।" - प्रस्तुत पंक्ति में अलंकार है :<br>उत्तर - (D) श्लेष अलंकार | 1 |
| 4 | 4 | प्रश्न - निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न - "जिस भाषा में <u>शकुंतला ने</u> श्लोक रचा था, वह संस्कृत भाषा थी।" - रेखांकित पद का परिचय होगा : | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर - (D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन कर्ता कारक | 1 |
| | (ii) | प्रश्न - “आजकल भी ऐसे लोग विद्यमान हैं जो रूढ़िवादी विचारों में विश्वास रखते हैं।” - रेखांकित पद का परिचय होगा :<br>उत्तर - (B) निपात अव्यय, “आजकल” पर बल दे रहा है | 1 |
| | (iii) | प्रश्न - “मैं बहन-भाइयों में सबसे छोटी थी।” - रेखांकित पद का परिचय होगा :<br>उत्तर - (B) उत्तमपुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक | 1 |
| | (iv) | प्रश्न - “सीता का यह संदेश कटु नहीं तो क्या मीठा है?” - रेखांकित पद का परिचय होगा :<br>उत्तर - (B) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, विशेष्य-संदेश | 1 |
| | (v) | प्रश्न - “वे संस्कृत नहीं बोल सकती थीं।” - रेखांकित पद का परिचय होगा :<br>उत्तर - (A) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, आदरार्थ बहुवचन, भूतकाल, कर्तृवाच्य | 1 |
| 5 | 5 | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न -“प्रभाकर ने निबंध लिखा।” -प्रस्तुत वाक्य में वाच्य भेद है :<br>उत्तर - (A) कर्तृवाच्य | 1 |
| | (ii) | प्रश्न - “चुने हुए लोगों द्वारा ही संस्कृत बोली जा सकती थी।” - प्रस्तुत वाक्य में वाच्य भेद है :<br>उत्तर - (B) 'कर्मवाच्य | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (iii) | प्रश्न -“पक्षी द्वारा उड़ा जाता है।”-प्रस्तुत वाक्य में वाच्य भेद है :<br>उत्तर - (C) भाववाच्य | 1 |
| | (iv) | प्रश्न - निम्नलिखित में से कर्मवाच्य का उदाहरण नहीं है :<br>उत्तर - (D) एक सुंदर युवती अधिवेशन को संबोधित करने के लिए उठी। | 1 |
| | (v) | प्रश्न - स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :<br>उत्तर - (C) 1-(I), 2-(II), 3-(III) | 1 |
| 6 | 6 | प्रश्न - निर्देशानुसार ‘रचना के आधार पर वाक्य-भेद’ पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न - निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का उदाहरण नहीं है :<br>उत्तर - (B) इस निबंध की भाषा और वर्तनी को हमने संशोधित करने का प्रयास नहीं किया है। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न - “मैं जब भी बड़ी हो जाऊँगी तो ऐसे कानूनों के विरुद्ध संघर्ष करूँगी।” - रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद है :<br>उत्तर - (A) मिश्र वाक्य | 1 |
| | (iii) | प्रश्न - निम्नलिखित वाक्य का संयुक्त वाक्य में परिवर्तित रूप होगा :<br>“पीछे बैठे हुए लोग उस युवती की आवाज़ नहीं सुन पा रहे थे।”<br>उत्तर - (C) लोग पीछे बैठे हुए थे इसलिए उस युवती की आवाज़ नहीं सुन पा रहे थे। | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (iv)<br><br><br><br>(v) | प्रश्न - "मेरे और भाईसाहब के बीच पाँच साल का अंतर था।"- रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद है :<br>उत्तर - (B) सरल वाक्य<br><br>प्रश्न - स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :<br>उत्तर - (A) 1-(II), 2-(IIII), 3-(I) | <br><br>1<br><br><br><br>1 |
| 7 | 7<br><br><br>(i)<br><br><br><br>(ii) | प्रश्न - पठित कविताओं के आधार पर बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br><br>प्रश्न - 'उत तैं धार बही' प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में कौन-सी धारा बहने की बात हो रही है?<br>उत्तर - (C) योग संदेश की<br><br>प्रश्न - संगतकार कविता में वह सुंदर कमज़ोर काँपती हुई आवाज़ किसकी हो सकती है?<br>उत्तर - (D) (B) और (C) दोनों | 2x1=2<br><br><br><br><br>1<br><br><br><br>1 |
| 8 | 8<br><br><br><br><br>(i)<br><br><br>(ii) | प्रश्न - पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>मधुप गुन-गुनाकर कह जाता ... वाली उन बातों की।<br><br>प्रश्न - 'पत्तियों का मुरझाकर गिरना' किसका प्रतीक है?<br>उत्तर - (A) जीवन की नश्वरता का<br><br>प्रश्न - 'तुम सुनकर सुख पाओगे' काव्य-पंक्ति में 'तुम' किसके लिए प्रयोग हुआ है? | 5x1=5<br><br><br><br><br><br>1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर - (B) मित्रों के लिए | 1 |
| | (iii) | प्रश्न - 'रीति गागर' से क्या अभिप्राय है?<br>उत्तर - (A) विशिष्ट उपलब्धि का न होना | <br>1 |
| | (iv) | प्रश्न - कवि अपने जीवन की उज्ज्वल गाथा किसी के साथ क्यों नहीं बाँटना चाहता?<br>उत्तर - (B) वह कवि की निजी संपत्ति है। | <br>1 |
| | (v) | प्रश्न - कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन : कवि अपने जीवन की कमज़ोरी समाज के सामने नहीं लाना चाहते।<br>कारण : लोगों के बीच कटाक्षपूर्ण मज़ाक बनने का भय है।<br>उत्तर - (B) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | <br><br><br>1 |
| 9 | 9 | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | प्रश्न - हालदार साहब के भावुक होने का क्या कारण था?<br>उत्तर - (C) मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा | <br>1 |
| | (ii) | प्रश्न - मन्नू भंडारी के परिवार में विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता क्या थी?<br>उत्तर - (B) सोलह वर्ष और दसवीं पास | <br>1 |
| 10 | 10 | प्रश्न - निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ऊपर की तसवीर से यह नहीं माना जाए .... उसे घर लाते और उसी से गुज़र चलाते ! | |
| | (i) | प्रश्न - लेखक बालगोबिन भगत के परिवार के सदस्यों में से किससे परिचित नहीं थे?<br>उत्तर - (C) पत्नी से | 1 |
| | (ii) | प्रश्न - बालगोबिन भगत के कौन-से कार्य लोगों के लिए अचरज का कारण बने? सही विकल्प का चयन कीजिए :<br>उत्तर - (C) केवल III | 1 |
| | (iii) | प्रश्न - बालगोबिन भगत किनके आदेशों का अनुपालन करते थे?<br>उत्तर - (A) कबीर के | 1 |
| | (iv) | प्रश्न - बालगोबिन भगत को साधु कहा गया है :<br>उत्तर - (D) गृहस्थ होते हुए निर्लिप्त जीवन व्यतीत करने के कारण | 1 |
| | (v) | प्रश्न - कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :<br>कथन : बालगोबिन भगत कबीर के गीत गाते और उनके आदेशों का अनुपालन करते थे।<br>कारण : बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते थे।<br>उत्तर - (D) कथन सही है और कारण, कथन की सही पुष्टि करता है। | 1 |
| 11 | 11 | **खण्ड ब**<br>**(वर्णनात्मक प्रश्न)**<br>प्रश्न - पूरक पाठ्य-पुस्तक 'कृतिका भाग-2' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 - 60 शब्दों में लिखिए : | 2x4=8 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (क) | प्रश्न - 'माता का अँचल' पाठ में आपने भोलानाथ के पिता की दिनचर्या पढ़ी। उनकी दिनचर्या आपके पिताजी की दिनचर्या से किस प्रकार मिलती है?<br>उत्तर- परीक्षार्थी पाठ के आधार पर भोलानाथ के पिता की दिनचर्या और अपने व्यक्तिगत अनुभव से अपने पिता की दिनचर्या में समानता का वर्णन दो उपयुक्त बिंदुओं में स्वतंत्र रूप से लिखेंगे।<br>(2+2=4 अंक)<br>-----------------------------------------------<br>❖ एक बिंदु का विस्तार और दूसरे का मात्र उल्लेख करने पर (3 अंक)<br>-----------------------------------------------<br>❖ किसी एक बिंदु को विस्तार से लिखने पर<br>अथवा<br>पाठ के आधार पर भोलानाथ के पिता की दिनचर्या लिखने पर<br>अथवा<br>केवल अपने पिता की दिनचर्या लिखने पर (2 अंक)<br>-----------------------------------------------<br>❖ प्रश्न के अनुसार थोड़े-बहुत उपयुक्त वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>-----------------------------------------------<br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ख) | प्रश्न - 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए कि रंगीन और सफ़ेद बौद्ध पताकाएँ किसका प्रतीक हैं और इनके बारे में क्या मान्यता प्रचलित है?<br><br>उत्तर -<br><br>परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे-<br>● <u>श्वेत बौद्ध पताकाएँ</u> - शांति और अहिंसा की प्रतीक<br>● <u>रंगीन बौद्ध पताकाएँ</u> - शुभ और नए कार्य की प्रतीक<br>(1+1=2 अंक)<br><u>प्रचलित मान्यताएँ-</u><br>● किसी बुद्धिस्ट की मृत्यु होने पर उसकी आत्मा की शांति के लिए शहर से दूर किसी भी पवित्र स्थान पर एक सौ आठ सफ़ेद पताकाएँ फहराई जाती हैं। जिन पर मंत्र लिखे होते हैं। इन्हें उतारा नहीं जाता।<br>● किसी नए कार्य की शुरुआत में रंगीन पताकाएँ लगाई जाती हैं। (1+1=2 अंक)<br>----------------------------------------------<br><br>❖ दोनों प्रकार की पताकाओं के प्रतीक लिखते हुए मान्यताओं में से किसी एक का उल्लेख करने पर<br><br>अथवा<br><br>एक तरह की पताकाओं का प्रतीक लिखते हुए दोनों से संबंधित मान्यताओं का उल्लेख करने पर<br><br>--------------------------------<br><br>❖ दोनों प्रकार की पताकाओं के प्रतीक लिखने पर<br><br>अथवा | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | दोनों से संबंधित मान्यताओं का उल्लेख करने पर<br><br>अथवा<br><br>किसी एक प्रकार की पताकाओं का प्रतीक और उससे जुड़ी मान्यता का उल्लेख करने पर (2 अंक)<br><br>-----------------------------------------------------<br><br>❖ पताकाओं के प्रतीकों या मान्यताओं में से किसी भी एक का उल्लेख करने पर (1 अंक)<br><br>-----------------------------------------------------<br><br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक ) | |
| | (ग) | लेखक ने 'लिखने' को लेकर कौन-कौन से कारण प्रस्तुत किए? 'मैं क्यों लिखता हूँ?' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।<br>उत्तर-<br>परीक्षार्थी पाठ के आधार पर किन्हीं दो उपयुक्त बिंदुओं में विस्तार से उत्तर लिखेंगे, जैसे -<br><br>● <u>बाहरी विवशता</u>: संपादकों का आग्रह, प्रकाशक की माँग, लेखक की अपनी आर्थिक आवश्यकता<br>● <u>आंतरिक विवशता</u>: अपनी आंतरिक विवशता को पहचानना और उससे मुक्ति पाना, लेखन के कारणों को स्वयं भी जानने की इच्छा (2+2=4 अंक)<br><br>-------------------------------------------------------------<br><br>❖ एक बिंदु का विस्तार और दूसरे का मात्र उल्लेख करने पर (3 अंक)<br><br>---------------------------------------<br><br>❖ किसी एक बिंदु को विस्तार से लिखने पर (2 अंक) | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ------------------------------------------<br>❖ प्रश्न के अनुसार थोड़े-बहुत उपयुक्त वाक्य लिखने पर<br>(1 अंक)<br>----------------------------------------------<br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 12 | 12 | प्रश्न - गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए: | 3x2=6 |
| | (क) | प्रश्न - 'नेता जी का चश्मा' पाठ में पान वाले के मुख से 'कैप्टन' नाम सुनकर हालदार साहब के मन मस्तिष्क में चश्मे वाले के बारे में क्या धारणा बनी थी? वह बाद में कैसे बदल गई?<br><br>उत्तर - **धारणा :**<br>• कैप्टन नेताजी का साथी या आज़ाद हिंद फौज़ का भूतपूर्व सिपाही<br>• कोई प्रभावशाली, महत्त्वपूर्ण और प्रतिष्ठित व्यक्ति<br><br>**धारणा का परिवर्तन:**<br>• कैप्टन को प्रत्यक्ष देखकर<br>• पता चलने पर कि चश्मे वाला कोई सैन्य अधिकारी नहीं, बल्कि एक फेरीवाला है। (1+1=2 अंक)<br>----------------------------------------------<br>❖ किसी एक उपयुक्त बिंदु के उल्लेख पर (1 अंक)<br>----------------------------------------------<br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ख) | प्रश्न - 'लखनवी अंदाज़' पाठ में लेखक ने नवाब साहब की असुविधा और संकोच के कारण का अनुमान कैसे लगाया?<br><br>उत्तर -<br><br>• **व्यवहार का विश्लेषण :** नवाब साहब द्वारा संगति के लिए उत्साह न दिखाया जाना।<br>• **भावों का विश्लेषण** : एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष उनकी आँखों में दिखाई पड़ना।<br><br>**सामाजिक स्थिति और छवि पर चिंतन** : खीरे जैसी मामूली वस्तु के साथ देखे जाने से उनका संकोच में पड़ना। (1+1=2 अंक)<br>---------------------------------------------<br>❖ किसी एक उपयुक्त बिंदु के उल्लेख पर (1 अंक)<br>---------------------------------------------<br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (ग) | प्रश्न - 'सभ्यता-संस्कृति' और 'असभ्यता-असंस्कृति' के बीच का अंतर 'संस्कृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br><br>उत्तर-<br><br>• संस्कृति : वह योग्यता, प्रवृत्ति या प्रेरणा जिसके बल पर किसी नई वस्तु या तत्त्व की खोज होती है।<br><br>सभ्यता : संस्कृति का परिणाम है, संस्कृति द्वारा किए गए आविष्कार।<br><br>• असंस्कृति : जो योग्यता विनाश के साधनों का निर्माण कराती है, वह असंस्कृति है। कल्याण की भावना से रहित संस्कृति, असंस्कृति है। | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • असभ्यता : आत्मविनाश के साधन असभ्यता हैं। असंस्कृति का परिणाम असभ्यता है। (1+1= 2)<br>---------------------------------------------<br>❖ 'सभ्यता-संस्कृति' अथवा 'असभ्यता-असंस्कृति' में कोई एक अंतर बताने पर<br>अथवा<br>सभ्यता, संस्कृति, असभ्यता, असंस्कृति में किन्हीं दो के बारे में थोड़ा-बहुत लिखने पर (1 अंक)<br>---------------------------------------------<br>❖ सभ्यता, संस्कृति; असभ्यता, असंस्कृति में किसी एक के बारे में थोड़ा-बहुत लिखने पर (½ अंक)<br>---------------------------------------------<br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| | (घ) | प्रश्न - किस मुस्लिम पर्व का नाम बिस्मिल्ला खाँ और शहनाई के साथ जुड़ा है? उस पर्व का परिचय दीजिए।<br>उत्तर-<br>• मुहर्रम ( ½ अंक)<br>परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए कोई तीन बिंदु लिखेंगे-<br>• शोक का महीना<br>• दस दिनों का शोक | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • हज़रत इमाम हुसैन एवं उनके कुछ वंशजों की शहादत का शोक मनाया जाना<br>• शहनाई बजाने या संगीत कार्यक्रमों का निषेध, केवल नौहा-वादन<br>• पैदल जुलूस निकाला जाना ( ½+½+½= 1 ½ अंक)<br>----------------------------------------------<br>❖ पहले हिस्से का सही उत्तर और दूसरे में कोई भी दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>पहले हिस्से का गलत उत्तर और दूसरे में कोई भी तीन उपयुक्त बिंदु लिखने पर<br>(1 ½ अंक)<br>----------------------------------------------<br>❖ पहले हिस्से का सही उत्तर और दूसरे में कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>पहले हिस्से का गलत उत्तर और दूसरे में कोई भी दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>----------------------------------------------<br>❖ पहले हिस्से का सही उत्तर और दूसरे में कोई भी बिंदु नहीं लिखने पर<br>अथवा<br>पहले हिस्से का गलत उत्तर और दूसरे में कोई भी एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (½ अंक)<br>----------------------------------------------<br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 13 | प्रश्न - निर्धारित कविताओं पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए: | 3x2=6 |
| | (क) | प्रश्न - परशुराम जी ने लक्ष्मण के सामने अपनी किन-किन विशेषताओं का बखान किया?<br><br>उत्तर - परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन करेंगे-<br>• वीर<br>• बाल ब्रहमचारी<br>• अत्यधिक क्रोधी<br>• क्षत्रिय द्रोही<br>• विश्वप्रसिद्ध<br>• सहस्रबाहु संहारक<br>(1+1=2 अंक)<br>----------------------------------------------<br>❖ किसी एक विशेषता के वर्णन पर<br>अथवा<br>किन्हीं दो विशेषताओं के उल्लेख मात्र पर (1 अंक)<br>----------------------------------------------<br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (ख) | प्रश्न - आसमान में उड़ने के लिए कवि को पंख कब और क्यों लग जाते हैं? 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।<br><br>उत्तर- | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | परीक्षार्थी कविता के आधार पर कब के लिए कोई **<u>एक</u>** बिंदु लिखेंगे-<br><br>● प्राकृतिक सौंदर्य के दर्शन से अभिभूत होकर<br>● फागुन माह में<br>● वसंत ऋतु में; (1 अंक)<br><br>प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी कोई **<u>एक</u>** उपयुक्त बिंदु लिखेंगे-<br><br>● कल्पनाशीलता<br>● सपनों और आकांक्षाओं का जागरण<br>● मन में उत्साह, उमंग, प्रेरणा आदि का संचार (1 अंक)<br><br>---------------------------------------------<br><br>❖ प्रश्न के किसी भी एक भाग का उपयुक्त उत्तर देने पर (1 अंक)<br><br>---------------------------------------------<br><br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक ) | 2 |
| | (ग) | प्रश्न - मिट्टी की गुणवत्ता (उपजाऊ शक्ति) को हम कैसे कायम रख सकते हैं? 'फ़सल' कविता के संदर्भ में लिखिए।<br><br>उत्तर- परीक्षार्थी व्यक्तिगत दृष्टिकोण से दो बिंदुओं में स्वतंत्र और उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे -<br><br>● जैविक खाद आदि का उपयोग करके<br>● रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का कम-से-कम प्रयोग करके<br>● फसल-चक्र को अपनाकर<br>● मिश्रित खेती करके<br>(1+1 = 2 अंक) | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (घ) | ---------------------------------------------<br>❖ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>---------------------------------------------<br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)<br><br>प्रश्न - मुसकान से मानव मन और वातावरण में क्या परिवर्तन देखने को मिलता है? 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।<br><br>उत्तर -<br><br>परीक्षार्थी कविता के संदर्भ में कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे -<br>● कठोर प्रकृति का कोमल बनना<br>● संवेदनशीलता का बढ़ना<br>● उत्साह और सकारात्मकता की दिशा में प्रेरित होना<br>● सहजता और अच्छाई की भावना विकसित होना<br>● वातावरण का खुशी और सहजता से भर उठना<br>(1+1=2 अंक)<br>---------------------------------------------<br>❖ किसी एक उपयुक्त बिंदु के उल्लेख पर (1 अंक )<br>---------------------------------------------<br>❖ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक ) | 2 |
| 14 | (क) | प्रश्न - 'नोवा' वाशिंग मशीन के प्रचार के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>उत्तर - | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **विज्ञापन - लेखन**<br>● रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>● विषयवस्तु = 2 अंक<br>● भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br>**विशेष निर्देश** -<br>● विज्ञापन-लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br>● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>● सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| | अथवा (ख) | 'होली' को रंगों का पर्व माना जाता है। इस पर्व पर अपने मित्र को लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए।<br>उत्तर - संदेश-लेखन<br>● प्रारूप = 1 अंक<br>● विषयवस्तु = 3 अंक<br>● भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>विशेष निर्देश -<br>● संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं है। परीक्षार्थी द्वारा किसी उपयुक्त प्रारूप के उपयोग पर ही अंक दिए जाएँ।<br>● प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>● सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 15 | (क) | प्रश्न - आप लक्षित/लक्षिता हैं। आपके छोटे भाई ने बोर्ड की परीक्षा में अव्वल स्थान हासिल किया है \| वह पिता जी से पुरस्कार स्वरूप एक मोटरसाइकिल की माँग कर रहा है \| लगभग | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अथवा<br>(ख) | I00 शब्दों में पत्र लिखकर उसे समझाइए कि वयस्क होने से पहले वाहन चलाना गलत है।<br><br>आप कमल /कमला हैं। आपके क्षेत्र में हर रोज बढ़ती भीड़ के कारण वाहन चालकों को अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपने प्रांत के मुख्यमंत्री को लगभग I00 शब्दों में पत्र लिखिए।<br>उत्तर -<br>पत्र-लेखन<br>● प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1अंक<br>● विषयवस्तु = 3 अंक<br>● भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>विशेष निर्देश -<br>● उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>● प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए)<br>● प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>● सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 16 | (क) | प्रश्न - जिले में भारी बारिश के कारण जिलाधिकारी के निर्देशानुसार दो दिन के लिए स्कूल बंद रहने की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य की ओर से एक ई-मेल लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>उत्तर - | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **औपचारिक ई-मेल**<br>● प्रारूप = 1 अंक<br>● विषयवस्तु = 3 अंक<br>● भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** -<br>● उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ई-मेल माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>● प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>● सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| | अथवा | | |
| | (ख) | आपका नाम अर्पित/अर्पिता है। सौंदर्य प्रसाधन बनाने वाली कंपनी 'सौंदर्या' को अपने उत्पाद के प्रचार-प्रसार हेतु कुछ नवयुवक-युवतियों की आवश्यकता है। अपनी शैक्षणिक योग्यता और अनुभव का वर्णन करते हुए प्रबंधक महोदय को भेजने हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना स्ववृत्त तैयार कीजिए।<br>उत्तर -<br>स्ववृत्त-लेखन<br>● प्रारूप = 1 अंक<br>● विषयवस्तु = 3 अंक<br>● भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>विशेष निर्देश -<br>● व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 17 | 17 | प्रश्न - निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए :<br><br>(क) परहित सरिस धर्म नहिं भाई<br>संकेत-बिंदु- लोकोक्ति का अर्थ, परोपकार के अलग-अलग तरीके, जीवन में खुशी का भंडार<br><br>(ख) नैतिक मूल्यों का पतन<br>संकेत-बिंदु- नैतिकता से तात्पर्य, पतन के कारण, अनैतिकता से हानि, उपाय<br><br>(ग) सच्चे मित्र की कसौटी<br>संकेत-बिंदु- सच्चा मित्र कौन, सच्चे मित्र के लाभ, अच्छे-बुरे की पहचान<br>उत्तर -<br>अनुच्छेद-लेखन<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा शुद्धता = 1 अंक<br><br>विशेष निर्देश -<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 6 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ● प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>************************************************ | |